# कार्यालय नोडल प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजगढ़ (अलवर)

क्रमांकः रामरा/2023-24/SP-VSY-01 दिनांकः 06.03.2024

## विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक एफ़ (02) विद्या संबल / आकाशि/गे.फे./दिशा निर्देश/21-00638/16 दिनांक 06.03.2024 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प.6 (2) वित्त/सा.वि.ले.नि/2021 दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य को सुचारु बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विद्या संबल योजना के अन्तर्गत निम्न वर्णित महाविद्यालयों में निम्न विषयों में अनुभवी व्यक्तियो से गेस्ट फैकल्टी के रुप में वित्त विभाग के परिपत्र के बिन्दु सं. 4(क) में वर्णित स्तर से बिन्दु सं. 5 में देय मानदेय पर बजट की उपलब्धता की शर्तो के अध्यधीन आवेदन दिनांक 11.03.2024 को सांयकाल 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन व्यक्तिशः निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। इस हेतु महाविद्यालय शिक्षा सेवा नियम 1986 में सहायक आचार्य के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी निजी अभ्यर्थी ही आवेदन करें, निजी अभ्यर्थियो की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। आमन्त्रित गेस्ट फैकल्टी से केवल कालांश के आधार पर अध्यापन कार्य करवाया जायेगा। अभ्यर्थी को शपथ पत्र भरकर आवेदन पत्र (जिसमें महाविद्यालय का नाम जिसके लिए आवेदन किया गया है।) के साथ देना होगा। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcrajgarhalwar पर आवेदन पत्र का प्रारुप न्यूनतम योग्यता, शर्त, शपथ पत्र आदि देखे।

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम | विषय | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय महाविद्यालय रैणी, अलवर | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | | इतिहास | 01 |
| | | राजनीति विज्ञान | 01 |
| | | समाजशास्त्र | 01 |
| | | भूगोल | 01 |
| | | गृह विज्ञान | 01 |
| 2 | राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजगढ़, (अलवर) | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | | इतिहास | 01 |
| | | राजनीति विज्ञान | 01 |
| | | समाजशास्त्र | 01 |
| | | भूगोल | 01 |
| | | चित्रकला | 01 |
| 3 | राजकीय महाविद्यालय टहला (अलवर) | हिन्दी | 01 |
| | | अंग्रेजी | 01 |
| | | इतिहास | 01 |
| | | राजनीति विज्ञान | 01 |
| | | संस्कृत | 01 |
| | | भूगोल | 01 |
| | | अर्थशास्त्र | 01 |

(डॉ. के.एल. मीणा)
नोडल प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ (अलवर)

Scanned with CamScanner

